हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 22 अगस्त 2025
[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]



## खबर संक्षेप



### अखण्ड राम नाम सप्ताह में शामिल हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन

**सिमगा**। नगर के प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर में अखण्ड राम नाम सप्ताह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ हुआ। मांदर झांझ मंजीरा बजाते हुए नाचते हुए आनंद के साथ भगवान श्री राम का नाम का जाप किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव, मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, धीरज जैन, नगर पालिका उपाध्यक्ष विकास सोनकर, अभीजित अवस्थी, सूर्यकांत ताम्रकार, परस पाटकर, पौंसरी सरपंच पप्पू साहू, पार्षद विष्णु जायसवाल, राजेश सिंह, अनूप तिवारी, मुकंद रजक, रोहित देवांगन सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

### भारती का नवोदय में चयन

**पलारी**। सर्वहितकारिणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुकदा पलारी



की छात्रा का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ। उनका नवोदय में चयन होने पर स्कूल संचालक रामरंग वैष्णव एवं प्राचार्य भुनेश्वर प्रसाद वर्मा, ईश्वर प्रसाद घृतलहरे, कृष्ण कुमार यादव, एकता वर्मा, भवानी पटेल, शिवकुमार साहू, शुभम रत्नाकर, सुखदेव प्रसाद यादव, मालती कुर्रे, तनीषा विश्वकर्मा, सुश्री अल्का वर्मा, पलक कनौजे, किरण फेकर, ललिता वर्मा, गीता दीदी आदि शिक्षक -शिक्षिकाओं ने हर्ष जताया।

### प्रगतिशील सतनामी समाज कसडोल ईकाई का चुनाव 24 को

**गिधौरी**। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज विकास खंड कसडोल का कार्यकाल समाप्त हो गया है, जिसका चुनाव 24 अगस्त को करायें जाने की सहमति बैठक में तय हो गई है। सदस्य बनने की अंतिम तिथि 17 अगस्त तक रखा गई थी। इसमें लगभग 200 मतदाता मतदान करेंगे, जिसमें आजीवन सदस्य, संरक्षक सदस्य एवं सामान्य सदस्य भाग लेंगे। निवर्तमान अध्यक्ष नकुल प्रसाद बांधे ने चुनाव गतिविधि की जानकारी प्रदेश कार्यालय को दे कर चुनाव प्रभारी भेजने की मांग की है तथा कसडोल विकास खंड के मतदाताओं एवं भावी प्रत्याशियों को निष्पक्ष एवं आपसी सहमति से शांतिमय वातावरण में चुनाव सम्पन्न करने की अपील की है।

## पेज 09 के शेष

### सहकारी समिति में ...

दौरान कांग्रेस ने बाइक रैली निकाली और सरकार के खिलाफ नारे लगाये। इस मौके पर गुलाम मुर्तुजा खान, प्रवेश दुबे, पार्षद विक्रांत साहू, रमा हिरवानी, किशोर निराला, परमानंद साहू, अप्पू नवरंग, रामकुमार साहू, राजकुमार सोनवानी, राजेश केसरवानी, लक्ष्मण जुलाहे, अमृत साहू, गोपाल यादव, प्रमोद कर्स आदि उपस्थित थे

### बच्चों को कुपोषण ...

शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने ईमानदारी से कर्तव्य निर्वहन करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार सहित, सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर उपस्थित थे।

### हथबंद में दो ...

भी जब्त किए गए हैं।पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना हथबंद में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के बाद, उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया चल रही है।

### धान विक्रय के...

बैंक के समितियों को अधिकृत किया गया है। उन्होंने कृषक भाइयों से अपील किया है कि जो किसान अभी तक एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं कराएँ है वे अपने नजदीकी च्वाईस सेंटर, सहकारी समिति या स्वयं के द्वारा एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन कराकर अपनी आईडी प्राप्त करें तथा खरीफ वर्ष 2025 में धान उपार्जन हेतु सभी पात्र कृषकों धान उपार्जन, उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से किया जाएगा।

# गणित प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस शिक्षकों ने जानी ज्यामिति की मूलभूत अवधारणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

कार्मल पब्लिक स्कूल तुलसी तिल्दा में 20 अगस्त से प्रारंभ हुए पांच दिवसीय गणित प्रशिक्षण के दूसरा दिन शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायी साबित हुआ।

प्रशिक्षण में गणित विषय की गहनता और विद्यार्थियों तक उसकी सरल प्रस्तुति पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। प्रशिक्षक अनिल कुमार निर्मलकर, निर्मल साहू एवं नरोत्तम ध्रुव ने बिंदु, कोण और रेखाओं जैसी ज्यामिति की मूलभूत अवधारणाओं को सरल और रोचक उदाहरणों के माध्यम से समझाया। शिक्षकों को यह भी बताया गया कि किस प्रकार विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष गतिविधियों और मॉडल्स की सहायता से जटिल अवधारणाओं को सहज रूप से समझाया जा सकता है।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल प्रसाद वर्मा ने बताया कि विकासखंड अधिकारी एवं बीआरसी अधिकारियों के नेतृत्व में प्रशिक्षण का संचालन अत्यंत व्यवस्थित रूप से किया जा रहा है। प्रतिभागी शिक्षकों के लिए भोजन, पानी और आवश्यक सुविधाओं की उपयुक्त व्यवस्था की गई है, जिससे सभी शिक्षक पूरे उत्साह और लगन के साथ प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं।

**20 अगस्त से शुरू पांच दिवसीय प्रशिक्षण**



**शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए**

पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि यह प्रशिक्षण शिक्षकों के लिए मार्गदर्शक है, जो न केवल ज्यामिति की आधारभूत समझ विकसित करता है बल्कि आकृतियों की रचनाओं एवं उनके विश्लेषण की विधियों को भी स्पष्ट करता है। प्रशिक्षण में भाग लेने वाली शिक्षिकाएं दुर्गावती वर्मा, बरखा वर्मा, कल्याणी खिचरिया, सुलोचना देवांगन, दीप्ति साहू, गायत्री देवांगन एवं शैल वर्मा ने अनुभव साझा करते हुए बताया कि एनसीईआरटी की कक्षा छठवीं की नई पुस्तकों को प्रभावी ढंग से समझने और विद्यार्थियों तक पहुंचाने में यह प्रशिक्षण अत्यंत सहायक सिद्ध हो रहा है।

### डीईओ के निरीक्षण में शालेय कार्यों में शिक्षकों की लापरवाही आयी सामने

# शालेय कार्य में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां



शालेय कार्य में लापरवाही बरतने पर सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला शिक्षाधिकारी जे आर डहरिया ने उ.मा.वि. गाताडीह के प्राचार्य समेत कई व्याख्याताओं को शो काज नोटिस जारी किया है। उ.मा.वि. गाताडीह, वि.ख. बिलाईगढ़ के प्रभारी प्राचार्य हेमचरण अनन्त, व्याख्याता डीके प्रधान, व्याख्याता सी जांगड़े, व्याख्याता पी बरिहा , एसएन साहू सहा ग्रे 3, ओएन पाण्डे सहा.ग्रे. 3 को जारी शो काज नोटिस में उल्लेख किया गया है कि 20 अगस्त को विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया है। उक्त निरीक्षण दौरान पाया गया कि विद्यालय में निर्धारित समय के पश्चात प्रार्थना सभा प्रारंभ की गई। कलेक्टर के निर्देशानुसार कमजोर छात्रों के लिए विशेष अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन किया जाना था जो कि नहीं होना पाया गया, कक्षा 9वीं एवं 10वीं के छात्रों का विषयवार साप्ताहिक इकाई टेस्ट नहीं लिया जा रहा है, प्राचार्य द्वारा नियमित अवलोकन नहीं किया जा रहा है एवं संबंधित शिक्षक, लिपिको के द्वारा निर्धारित शालेय समय का पालन नहीं कर विलम्ब से शाला में उपस्थित हुए, जिससे अध्ययन-अध्यापन एवं कार्यालयीन कार्य बाधित हो रहा है।

डी. के. प्रधान व्याख्याता दिनांक 12 से 20 अगस्त तक अपने कर्तव्य से अनुपस्थित पाए गए हैं। यह सभी उक्त कृत्य छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के प्रतिकूल होना तथा अनुशासनहीनता, स्वेच्छाचारिता एवं लापरवाही को प्रकट करता है। इन सभी के उक्त कृत्य छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के प्रतिकूल होना तथा अनुशासनहीनता, स्वेच्छाचारिता एवं लापरवाही को प्रकट करता है तो क्यों न आपके उक्त कृत्य के लिए राज्य कार्यालय को कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन प्रेषित किया जाए। शिक्षा अधिकारी ने इस संबंध में उक्त प्राचार्य और व्याख्याताओं को तीन दिवस के भीतर स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष विद्यालयीन समय के पश्चात स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने निर्देशित किया है। इनके स्पष्टीकरण समाधानकारक एवं संतोषजनक नहीं पाए की स्थिति में एक पक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही करने का जिक्र किया है।

## लंबित पदोन्नति को लेकर टीचर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

■ 1 सितंबर को संभाग कार्यालय घेराव की दी चेतावनी

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक तिल्दा नेवरा द्वारा शिक्षक संवर्ग की लंबित पदोन्नति की मांग को लेकर संचालक लोक शिक्षण कार्यालय रायपुर, संभाग आयुक्त एवं संयुक्त संचालक लोक शिक्षण कार्यालय रायपुर के नाम विभिन्न बिंदुओं पर आधारित ज्ञापन विकासखंड अधिकारी कार्यालय तिल्दा नेवरा को सौंपा। ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा वन टाइम रिलैक्सेशन के तहत शिक्षक एलबी एवं टी संवर्ग की पदोन्नति माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पद पर प्रदेश के अन्य संभागों में सत्र 2021-22 से तीन चरणों में संपन्न की जा चुकी है, किंतु रायपुर संभाग में यह प्रक्रिया आज तक पूरी नहीं हो सकी है। इस विषय पर दायर याचिका का निराकरण उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा पहले ही किया जा चुका है, फिर भी यहां के शिक्षक संवर्ग पदोन्नति से वंचित हैं।

शिक्षकगण धीरेंद्र कुमार वर्मा, विशेषर प्रसाद वर्मा, योगेंद्र कुमार देवांगन, दिनेश कुमार साहू, विष्णु प्रसाद देवांगन, घनाराम यादव, लखेश्वर वर्मा एवं शिक्षिकाएं दुर्गावती वर्मा, सुलोचना देवांगन, बरखा वर्मा, शैल वर्मा, दीप्ति साहू, गायत्री देवांगन आदि ने सामूहिक रूप से कहा कि विगत 32 वर्षों से रायपुर संभाग में पदोन्नति प्रक्रिया लंबित रहने से शिक्षक आर्थिक व मानसिक दबाव झेल रहे हैं। अन्य संभागों में पदोन्नत प्रधान पाठकों के समकक्ष रहते हुए भी रायपुर संभाग के शिक्षक अब उनसे कनिष्ठ हो चुके हैं, जिसका सीधा दुष्प्रभाव उनकी भविष्य की पदोन्नतियों पर पड़ेगा।

## कॉलेज जाने छात्राओं के लिए शुरू हुई बस सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

■ अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन ने उपलब्ध करायी बस, दिखाई हरी झंडी




ग्राम पंचायत अर्जुनी बस स्टैंड में 21 अगस्त को अर्जुनी से बलौदाबाजार जाने के लिए कॉलेज छात्राओं के लिए बस की सुविधा अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन द्वारा प्रदान की गई एवं श्रीफल तोड़कर पूजा अर्चना की गई जिसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कॉलेज छात्राओं के लिए बस की सुविधा मिलने से अर्जुनी, मिरगी, मल्दी सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामों के छात्राओं को आने जाने में सुविधा होगी। डोमन वर्मा जिला पंचायत प्रतिनिधि एवं त्रिलोक यादव जनपद सभापति प्रतिनिधि ने कहा कि कॉलेज के छात्राओं के हित के लिए अर्जुनी से बलौदाबाजार बस सेवा दी गई है। इस कार्य के लिए अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर डोमन वर्मा जिला पंचायत प्रतिनिधि त्रिलोक यादव जनपद सदस्य प्रतिनिधि कविता भगेला ध्रुव, सरपंच विष्णु साहू, उपसरपंच सुखराम ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि मंजू साव जोशी अंबुजा फाउंडेशन हेड देवकरण बिनझाड़े, तेजेंद्र सिंह, अंबुजा फाउंडेशन स्टाफ एवं भैरव सिंह देवांगन पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा सचिन सोनी, कन्हैया कटारे, ओम प्रकाश साहू, प्रेमचंद वर्मा, रुपेश वर्मा, विजय वर्मा, संजय रजक सहित कॉलेज के छात्राएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## फर्जी आदेश से दो साल तक पढ़ाता रहा शिक्षक वेतन जारी होने के बाद भी कार्रवाई नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

फर्जी आदेश पर दो साल तक स्कूल में पढ़ाने और वेतन लेने के मामले में हरिभूमि समाचार पत्र में खबर प्रकाशित होने के बाद भी, शिक्षा विभाग द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सूत्रों का कहना है कि अधिकारी फर्जी तरीके से जारी किए गए वेतन और कथित कमीशन के कारण इस मामले में कार्रवाई करने से बच रहे हैं। यह मामला शासकीय प्राथमिक शाला नारायणपुर के प्रधान पाठक सम्मेलाल साहू की शिकायत से सामने आया, जिन्होंने बीते 23 जुलाई को प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीईओ अरविंद ध्रुव, कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को लिखित शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता के अनुसार सहायक शिक्षक संतोष साहू को 2 जनवरी 2023 को प्राथमिक शाला नारायणपुर से आदर्श शासकीय प्राथमिक शाला कसडोल के लिए रिलीव किया गया था। लेकिन संतोष साहू ने तत्कालीन बीईओ राधेलाल जायसवाल और शिकायतकर्ता प्रधान पाठक सम्मेलाल साहू के फर्जी हस्ताक्षर कर एक फर्जी आदेश तैयार किया और इसी के आधार पर पिछले दो वर्षों से पूर्व माध्यमिक शाला कसडोल में पढ़ा रहे थे।

**मुझे जानकारी नहीं**

मुझे जानकारी नहीं है कि मेरे खाते में पेमेंट आया है या नहीं। मेरे बच्चे बाहर पढ़ते हैं और उनके पास मेरा एटीएम रहता है। मोबाइल पर आए मैसेज भी मैंने नहीं देखे, इसलिए मुझे वेतन की कोई जानकारी नहीं है।

-संतोष साहू, सहायक शिक्षक

**गलती नजर आ रही**

पूर्व माध्यमिक शाला से मूल दस्तावेज मंगवाए गए हैं, जिसके आधार पर रिपोर्ट तैयार कर जिला शिक्षा अधिकारी को भेजी जा रही है। प्रारंभिक जांच में संतोष कुमार साहू की गलती नजर आ रही है।

- अरविंद ध्रुव, प्रभारी बीईओ, कसडोल

**मुझे कोई जानकारी नहीं**

प्रधान पाठक द्वारा वेतन बनाकर दिया जाता है, जिसे मैं बीईओ ऑफिस में देता हूं। संतोष साहू के वेतन के बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है।

- चंद्रशेखर तिवारी, संकुल समन्वयक, कसडोल

## मंत्री टंकराम को नई जिम्मेदारी मिलने पर कार्यकर्ताओं ने जताया हर्ष



**हथबंद**। बलौदाबाजार के विधायक टंकराम वर्मा को मंत्रिमंडल विस्तार के बाद नई जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्हें राजस्व, आपदा प्रबंधन के अतिरिक्त पुनर्वास और उच्च शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी दी गई और कैबिनेट के नए सदस्य, गजेंद्र यादव, गुरु खुशवंत साहेब तथा, राजेश अग्रवाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष व अध्यक्ष मंडल डॉ. दौलतराम पाल, विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा और भाजपा मंडल के पदाधिकारियों ने बधाई दी। उपस्थित पदाधिकारी मंडल उपाध्यक्ष धन्ना निषाद, कल्याण धुव्र, मीडिया प्रभारी, प्रकाश पाल सोशल मीडिया प्रभारी धनी राम रजक, मनीष पाल, नरेश अनंत, मूलचंद टंडन, ठकेश चतुरे, जीतू यादव, मोनू समुद्र, संतराम धुव्र, जितेंद्र साहु, यश, भावेश साहू टंकराम वर्मा को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देने वालों में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल थे।

## भटगांव के लिए बायपास मार्ग की उठी मांग

**भटगांव**। नगर पंचायत भटगांव के नागरिकों और व्यापारियों द्वारा लगातार एनएच 130 बी रायपुर से सारंगढ़ तक प्रस्तावित फोरलेन में उन्नयन पर नगर भटगांव में बायपास की मांग उठी, जहां नगर के प्रतिनिधि मंडल द्वारा कुछ दिन पूर्व सांसद कमलेश जांगड़े से मुलाकात कर समस्याएं रखी थी, जिसे सांसद ने जनहित व व्यापारहित को विशेष ध्यान रखते हुए लेटर पेड में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष क्षेत्र के जनता की आवाज बनकर रखी। जिसमें दर्शाया गया है कि भारतमाला परियोजना अंतर्गत रायपुर से सारंगढ़ 186 किमी तक वर्तमान रोड़ का फोर लेन में उन्नयन प्रस्तावित है। लोकसभा-जांजगीर चांपा के अंतर्गत आने वाले नगर



पंचायत भटगांव और नगर पंचायत सरसीवा जो काफी घनी आबादी वाले नगर पंचायत है, इन घनी आबादी वाले नगर पंचायतों से राष्ट्रीय राजमार्ग 130 बी फोर लेन सड़क निर्माण इनके बीच से होने पर काफी मकान और अत्यधिक संख्या में व्यापारिक प्रतिष्ठान प्रभावित हो रहे हैं। उक्त नगर पंचायतों के बीच से फोरलेन बनाया जाएगा जो काफी लोगों के आवास टूटने से उनके बेघर होने और व्यापारियों की आजीविका पर संकट उत्पन्न होने की संभावना है ।

## सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन हुआ



**सिमगा**। जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम कामता में जिला पंचायत निधि से 4 लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड का आज भूमिपूजन किया गया। उक्त अवसर पर जिला पंचायत सभापति दीप्ति गोविन्द वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे, सरपंच घनश्याम गिरी, भाजपा नेता संतोष साहू, मोहभट्ठा सरपंच महेंद्र कुमार वर्मा, रोहित साहू, सचिव वीरेंद साहू, आदि ग्रामीण जन उपस्थित हुए।

## मंत्री बनने के बाद नगर पहुंचे गुरु खुशवंत साहेब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

■ भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



कैबिनेट मंत्री बनने के बाद आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब का गुरु दर्शन करने जा रहे गिरौदपुरी धाम के पूर्व कसडोल नगर में गुरुवार को सर्वप्रथम नगर आगमन हुआ। जहां सतनामी समाज के प्रमुखों ने गुरु घासीदास दास चौक में स्वागत किया। साथ ही कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने बाबा गुरु घासीदास दास के जैतखाम में पूजा अर्चना के बाद बाद स्थानीय सर्किट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं से भेट मुलाकात कर गिरौदपुरी धाम के लिए निकल गए। इस दौरान बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। मीडिया से चर्चा करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हम पर बहुत बड़ा विश्वास जताया है एक बड़ी जिम्मेदारी हमको दी है। शपथ ग्रहण के बाद सबसे पहले प्रातः गुरु घासीदास दास बाबा के चरणों में अपना माथ नवाने उनका आशीर्वाद लेने जा रहे हैं। उनके आशीर्वाद लेकर सारे काम प्रारंभ करेंगे और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में अनुसूचित जाति और पूरा छत्तीसगढ़ का बहुत तीव्र गति से विकास हो रहा है और आने वाले समय में और तीव्र गति के साथ छत्तीसगढ़ का विकास होगा। इस दौरान तमाम भाजपा कार्यकर्ता, समाजिक जनों सहित नपा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदगण मौजूद रहें।

**श्री सांदीपनी विज्ञान संस्थान महाविद्यालय राहौद जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

क्रं./4610 /विज्ञापन /2025 **आवश्यकता** दिनांक 20/08/25

श्री सांदीपनी विज्ञान संस्थान महाविद्यालय राहौद, जिला-जांजगीर-चांपा (छत्तीसगढ़) में परिनियम (धारा-28) के तहत यू.जी.सी./उच्च शिक्षा विभाग/छत्तीसगढ़ शासन व शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के मापदण्ड के अनुसार निम्नांकित पदों पर निर्धारित योग्यताधारी आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

| क्र. | पद | रिक्त पदों की संख्या | योग्यता/अनुभव | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहा. प्राध्यापक (भौतिक शास्त्र) | 01 | सम्बधीत विषय में 55% अंक के साथ स्नातकोत्तर/नेट/सेट/स्लेट के साथ अध्यापन अनुभव। | सभी पदों के लिए वेतनमान यू.जी.सी./शासन/वि.वि. द्वारा निर्धारित |
| 2 | सहा. प्राध्यापक (वनस्पति शास्त्र) | 01 | | |
| 3 | सहा. प्राध्यापक (कम्प्यूटर साइंस) | 01 | | |
| 4 | सहा. प्राध्यापक (कम्प्यूटर ऑपरेटर) | 01 | एम.सी.ए./एम.सी.ए. (कम्प्यूटर साइंस) समकक्ष में 55% अंक के साथ स्नातकोत्तर /नेट/सेट/स्लेट के साथ अध्यापन अनुभव। | |
| 5 | सहा. प्राध्यापक (अंग्रेजी) | 01 | डी.सी.ए./बी.सी.ए./पी.जी.डी.सी.ए. के साथ अन्य शैक्षणिक संस्थानो का अनुभव | |

टीप :-आवेदक दिनांक-27.08.2025 तक अपना आवेदन पत्र डाक/स्पीड पोस्ट या कार्यालय में सीधा आवेदन/बायोडाटा आवश्यक शैक्षणिक प्रतिलिपि स्वयं के द्वारा हस्ताक्षरित के साथ आधार कार्ड,/बैंक पासबुक/पेनकार्ड की प्रति पासपोर्ट साइज फोटो के साथ जमा करें।
विज्ञापन जारी दिनांक-20.08.2025

प्राचार्य
श्री सांदीपनी विज्ञान संस्थान महाविद्यालय
राहौद जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

सम्पर्क नं.- 9826131319, 9993365043, 7970202514, 8120687805
website- shrisandipanivigyansansthanmahavidyalayarahod.in, Mail ID- vigyancollege1@gmail.com

**न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)**

**फार्म 'अ'**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री मोहन कुर्रे पिता श्री संतन कुर्रे निवासी म.नं. 267 सतनामी पारा चौक ग्राम कागदेही पो.व थाना आरंग जिला रायपुर एवं कु. जयमति केंवट पिता श्री दुलार केंवट निवासी म.नं. 2023 ग्राम नेगीपारा तिल्दा वार्ड नं. 14 पो. व थाना लवन जिला बलौदाबाजार ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 17 सितम्बर, 2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 18 अगस्त, 2025 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

विवाह अधिकारी
रायपुर (छ.ग.)

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 22 अगस्त 2025

10 कॉलेज जाने छात्राओं के लिए शुरू हुई बस सुविधा

12 संघर्ष, साहस और स्वाभिमान आदिवासी समाज...




श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

# तीजा में रायपुर-अनूपपुर और रायपुर-तड़ोकी के बीच फास्ट स्पेशल लोकल ट्रेन का होगा संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ की माता बहनों का महत्वपूर्ण पर्व तीजा पोरा पर रेल प्रशासन द्वारा रायपुर से अनूपपुर के लिए 2 दिवसीय फास्ट मेमू लोकल ट्रेन और रायपुर से ताड़ोकी के मध्य तीजा स्पेशल मेमू लोकल ट्रेन चलाए जाने का निर्णय लिया गया।

इसके लिए डीआरयू सीसी सदस्य राजेश शर्मा ने स्वागत करते हुए रेलवे महाप्रबंधक और मंडल रेल प्रबंधक के प्रति आभार व्यक्त किया है। मेमू स्पेशल रायपुर अनूपपुर के मध्य 24 और 28 अगस्त को तथा रायपुर तड़ोकी के मध्य 25 और 29 अगस्त को चलेगी।

ये ट्रेन रायपुर से प्रातः 4.50 बजे रवाना होगी तथा सिलयारी, तिल्दा, हथबंद रुकते हुए प्रातः 5.46 बजे भाटापारा आएगी और यहां से बिल्हा रुकते हुए उस्लापुर होते प्रातः 10.15 बजे अनूपपुर पहुंचेगी। उसी दिन वापसी में उक्त फास्ट लोकल दोपहर 1.30 बजे अनूपपुर से रवाना होकर शाम 4.10 बजे उसलापुर पहुंचेगी तथा वहां से बिल्हा रुकते हुए शाम 5.10 बजे भाटापारा आएगी और अपने गंतव्य के लिए रवाना होगी।

## रायपुर से ताड़ोकी के मध्य तीजा स्पेशल मेमू लोकल ट्रेन

### 24 और 28 अगस्त को चलेगी

छत्तीसगढ़ की माता बहनों का प्रसिद्ध त्यौहार तीजा पर्व अगले हफ्ते मनाया जाएगा। इस दौरान माता बहने इस त्योहार को मनाने अपने मायके जाती है और ट्रेनों में अत्यधिक भीड़ को ध्यान में रखते हुए तथा यात्रियों की रक्षा सुरक्षा और सुविधा के मद्देनजर रेल प्रशासन द्वारा इस माह की 24 अगस्त और 28 अगस्त को रायपुर से अनूपपुर के मध्य 06803/06804 नंबर से एक फास्ट मेमू लोकल ट्रेन चलाई जाएगी।



### रायपुर से प्रातः 6 बजे रवाना होगी

उसी तरह 06805/06806 रायपुर तड़ोकी मेमू स्पेशल रायपुर से प्रातः 6 बजे रवाना होगी तथा प्रातः 10.15 बजे ड़ोकी पहुंचेगी। 25 और 29 अगस्त को चलने वाली यह स्पेशल ट्रेन तड़ोकी से दोपहर 12 बजे रवाना होगी तथा दुर्ग होते हुए शाम 4.25 बजे रायपुर पहुंचेगी।

## खबर संक्षेप

### आपदा पीड़ित परिवारों को 12 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए 12 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ति परिजनों में संजय कुमार पैकरा पिता भारत पैकरा, निवासी ग्राम करदा, तहसील लवन, लखनलाल यादव पिता समारू यादव, निवासी ग्राम सेल तहसील कसडोल एवं सरोज पति रोशन ढीमर, निवासी ग्राम हरिनभट्ठा, तहसील पलारी शामिल हैं। पीड़ितों के निकट परिजनों के सर्पदंश एवं तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ति लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### भगवानश्री कृष्ण को अर्पित किया छप्पन भोग



**बलौदाबाजार।** जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण भगवान की विशेष पूजा अर्चना नगर के मंदिर व देवालयों में की गई। वहीं घर-घर में सनातन धर्म प्रेमियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण का झूला सजा कर भगवान का विशेष श्रृंगार करते हुए जन्मोत्सव पर छट्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भगवान को 56भोग प्रसाद चढ़ाया गया। राधा विहार कॉलोनी में निवासरत तिवारी परिवार के आयुष तिवारी एवं ऐश्वर्या तिवारी द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के झूले की विशेष सजावट के साथ ही 56 भोग तैयार कर भगवान को प्रसाद स्वरूप चढ़ाया गया व विशेष पूजा अर्चना की गई। छप्पन भोग में मेवा व फलों के साथ ही भगवान के लिए सोठेला सोंठ व मेवा मिश्रित लड्डु का भोग भी लगाया गया व आरती पूजन कर सुख शान्ति की कामना की गई।

### चाकू लहरा रहा युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस ने मचेवा नहर पुलिया के पास धारदार चाकू लहराकर लोगों को डरा-धमका रहे युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी रूपेश पटेल पिता व्यास नारायण पटेल (23 वर्ष) निवासी सितलीनाला के पास महासमुंद के कब्जे से एक लोहे का चाकू बरामद किया।

## अपराध : नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध दर्ज, पकड़े गए दोनों आरोपी खरोरा के

# 4.494 किलो गांजा जब्त, दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

रायपुर पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत, खरोरा थाना क्षेत्र में 4.494 किलो गांजा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान विनोद सुनमोंगरी 29 और सुशील श्रीवास 35 के रूप में हुई है, दोनों खरोरा के ही निवासी हैं।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि खरोरा के वार्ड नंबर 8, हनुमान मंदिर के पास दो व्यक्ति गांजे के साथ मौजूद हैं। इस सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के बाद, खरोरा पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को रंगेहाथ पकड़ लिया। आरोपियों के पास से भूरे रंग के एक बैग में दो पैकेट मिले, जिनमें कुल 4.494 किलोग्राम गांजा था। जब्त किए गए गांजे की अनुमानित कीमत 80 हजार रुपये है। पुलिस ने गांजा और बैग को जब्त कर लिया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक एक्ट की धारा 20 बी के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और उन्हें न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

### मारपीट का आरोपी जेल दाखिल

**बलौदाबाजार।** ग्राम खोरसीनाला पनगांव में जान से मारने की धमकी देते हुए गंभीर चोट पहुंचाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने ईंट एवं हंसिया से वार कर सिर एवं हाथ में गंभीर चोंट पहुंचाया है। प्रार्थी तुलसी कुमार बंजारे निवासी खोरसीनाला पनगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह 21 अगस्त की सुबह 8 बजे अपने मामा के घर के सामने खड़ा था, कि इसी समय आरोपी डोमन द्वारा उसे अश्लील गाली गलौज की जा रही थी, जिसे मना करने पर आरोपी द्वारा आवेश में आकर, जान से मारने की धमकी देते हुए पास में पड़े ईंट से प्रार्थी के सिर में वार कर दिया। इसके कुछ देर बाद आरोपी द्वारा अपने घर से लोहे का हंसिया लाकर प्रार्थी के बाएं हाथ में वार किया है, जिससे प्रार्थी को गंभीर चोटें आई हैं।कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 296, 351(2),118(1) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी डोमन गहरवार को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा प्रार्थी को अश्लील गाली गलौज कर, जान से मारने की धमकी देते हुए ईंट एवं लोहे की हंसिया से वारकर गंभीर चोट पहुंचाना स्वीकार किया गया है। प्रकरण में आरोपी को गुरुवार को आरोपी डोमन गहरवार 18 वर्ष निवासी खोरसीनाला थाना सिटी कोतवाली गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।




# सहकारी समिति में किसानों को नहीं मिल रही खाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

- खाद उपलब्ध कराने कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

तहसील भटगांव क्षेत्र में कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम तहसीलदार भटगांव को एक ज्ञापन सौंपा। कांग्रेसियों ने भटगांव तहसील क्षेत्र में किसानों को शासकीय दर पर यूरिया और अन्य खाद नहीं मिलने की शिकायत करते हुए कहा कि, भटगांव तहसील क्षेत्र में किसान खाद के लिए दर-दर भटक रहे हैं और उन्हें शासकीय दर पर यूरिया और अन्य खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। वहीं किसान ज्यादा दर पर बाजार से यूरिया खरीदने हेतु विवश है। क्षेत्र में बाजार से अधिक दर में यूरिया और अन्य खाद खरीदने पर किसानों को अधिक आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार किसानों के साथ विश्वास कर रही है। एक तरफ जहां सोसाइटियों में यूरिया की कमी बताई जा रही है वहीं दूसरी तरफ बाजार में अधिक मूल्य पर यूरिया बेचा जा रहा है। कांग्रेसजनों ने मुख्यमंत्री का नाम ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र से शीघ्र किसानों को शासकीय दर पर यूरिया और अन्य खाद उपलब्ध कराया जाने ज्ञापन सौंपा। इस ▶▶ शेष पेज 10 पर

# चाकूबाजी और मारपीट के तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शराब पीने के लिए पैसे मांगने और मना करने पर मारपीट व चाकू से धमकाने के आरोप में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। यह घटना ग्राम सारागांव स्थित बालाजी पेट्रोल पंप पर हुई।

जानकारी के अनुसार बीते बुधवार को शाम करीब 6.45 बजे एक व्यक्ति अपनी गाड़ी में पेट्रोल भरवाने के लिए पंप पर गया था। उसी समय, तीन युवक मनीष उर्फ बैस 20 वर्ष, भूपेश उर्फ बाऊ 20 वर्ष दोनो निवासी- सारागांव और मासूम उर्फ मयंक 21 वर्ष, निवासी- निलजा वहां पहुंचे और उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगे। जब उसने पैसे देने से मना किया, तो तीनों ने उसे और पेट्रोल पंप कर्मचारी को गाली-गलौज दी और चाकू निकालकर डराया-धमकाया।

पीड़ित ने बताया कि जब वह इस घटना का वीडियो बनाने लगा, तो तीनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की रिपोर्ट पर, खरोरा थाने में मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान, पुलिस ने आरोपी मासूम वर्मा से घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल और एक बटनदार चाकू जब्त किया। इसके बाद, तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# बच्चों को कुपोषण मुक्त कराने में जुटा जिला प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- फील्ड पर कमजोर प्रदर्शन वाले 5 सुपरवाइजर को नोटिस जारी करने के निर्देश



बच्चों में कुपोषण दूर करने एवं महिला सशक्तिकरण को लेकर कलेक्टर दीपक सोनी ने गुरुवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बच्चों एवं महिलाओं की बेहतरी हेतु केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाकर जिले का रैंक सुधारने के निर्देश दिये। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में कमजोर प्रदर्शन करने वाले 5 सुपरवाइजर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इनमें ग्राम डमरू, रवान, संडी, बया और टुण्डरा के सुपरवाइजर शामिल हैं।

कलेक्टर ने कहा कि फिल्ड पर सभी संवेदनशीलता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करें, कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी मैदानी अमलों के कार्यों पर सख़्त मॉनिटरिंग करें। माइक्रो लेवल पर मीटिंग लेकर कहीं कुछ दिक्कत हो तो उसका चिन्हांकन कर दूर करने का उपाय करें। इसके साथ ही जिला कार्यक्रम अधिकारी भी बैठक लेकर फील्ड कार्यों को दुरुस्त करें और सभी संकेतकों में सुधार लाकर जिले का प्रगति लाएं। कलेक्टर ने सुपोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, वजन त्यौहार सहित केंद्र एवं राज्य ▶▶ शेष पेज 10 पर

# हथबंद में दो शराब कोचिए गिरफ्तार समाधान सेल से मिली कामयाबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में शुरू की गई समाधान सेल योजना की मदद से आपराधिक गतिविधियों पर लगातार लगाम लगाई जा रही है। इसी कड़ी में, समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर पर मिली सूचना के आधार पर हथबंद पुलिस ने दो अवैध शराब विक्रेताओं को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।


पकड़े गए आरोपियों की पहचान



टीकम यादव 19 और राहुल निषाद 19 के रूप में हुई है, जो दोनों रायपुर जिले के तिल्दा नेवरा के रहने वाले हैं। पुलिस ने उन्हें ग्राम हथबंद में आंगनबाड़ी के सामने एक गली में घेराबंदी कर पकड़ा।

उनके पास से 125 पाव देशी मसाला शराब जब्त की गई, जिसकी कीमत 12,500 बताई जा रही है। इसके अलावा, शराब की तस्करी में इस्तेमाल की गई एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 पीपी 3396 और दो मोबाइल फोन ▶▶ शेष पेज 10 पर

### कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन का धरना प्रदर्शन आज



**सिमगा।** स्वास्थ्य एवं बहुउद्देशीय कर्मचारी संघ जिला बलौदाबाजार द्वारा 22 अगस्त को अपने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सामूहिक अवकाश काम बंद कलम बंद कर दशहरा मैदान बलौदाबाजार में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे। उक्त जानकारी जिला अध्यक्ष सुनील तिवारी ने दी। वहीं प्रदेश के सभी एनएचएम कर्मचारियों द्वारा अपने लंबित एवं जायज मांगों को लेकर 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। जिला अध्यक्ष तिवारी ने बताया कि इस प्रदेश व्यापी आंदोलन का स्वास्थ्य एवं बहुउद्देशीय कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ पूर्णतः समर्थन करता है।

## अब तक 88 प्रतिशत किसानों ने कराया पंजीयन

# धान विक्रय के लिए एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



राज्य शासन द्वारा आगामी खरीफ वर्ष 2025 अन्तर्गत धान उपार्जन हेतु कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य किया गया है। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले अन्तर्गत कृषि विभाग के मैदानी अमलों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पंजीयन हेतु शेष कृषकों से सम्पर्क स्थापित कर पंजीयन कराया जा रहा है। अधिक से अधिक कृषकों के द्वारा लगातार एग्रीस्टेक पोर्टल में लक्षित कृषकों का पंजीयन कराया जा रहा है।

खरीफ वर्ष 2024-25 में जिले के कुल 160010 कृषकों द्वारा सहकारी समितियों के माध्यम से धान विक्रय किया गया था जिसमें 140362 कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराया जा चुका है, जो कि धान विक्रय करने वाले कुल कृषकों का 88 प्रतिशत है एवं जिला में मात्र 12 प्रतिशत कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु शेष है, जिसके पंजीयन हेतु मैदानी अमलों द्वारा कृषकों से सतत संपर्क कर पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण की जा रही है।

उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा कृषकों के लिए संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं को कुशलतापूर्वक पहुंचाने हेतु कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन आवश्यक है एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन स्वयं किसान द्वारा मोबाइल एप के माध्यमसे एवं सीएससी कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से पंजीयन कराया जा सकता है इसके लिए आवश्यक दस्तावेज के रूप में कृषि भूमि स्वामी होने सम्बंधित दस्तावेज बी-1, खसरा , ऋण पुस्तिका, आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर आवश्यक है। कृषक पंजीयन हेतु सामान्य सेवा केन्द्र सीएससी कॉमन सर्विस सेंटर, जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित ▶▶ शेष पेज 10 पर

बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 98261-76302

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
22 अगस्त 2025 SHOW TIME
वार-2 शो समय -12:00, 3:00, 9:00 PM
मोही डारे-2 शो समय -12:00 PM
साम्राज्य शो समय -03:00 PM
कुली शो समय -03:00, 9:00 PM
महावतार नरसिम्हा शो समय - 6:30 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### परसवानी में हुई रामकथा

भाटापारा। ग्राम परसवानी में सात दिवसीय रामकथा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कथा प्रवचनकर्ता मोहनलाल साहू दतरेंगी वाले ने रामकथा सुनायी, जिसे कई गांव के लोग रामकथा सुनकर भाव विभोर हो गये। रामकथा सुनने और उसके प्रसंग को लेकर ग्रामवासियों में भारी उत्साह रहा उक्त जानकारी कडार ग्राम के विजय कुमार ने दी।

### राष्ट्रीय रक्तदान-महादान शिविर आज

**भाटापारा**। प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के समाज सेवा प्रभाग के तत्वावधान में 22 अगस्त को ब्रह्मा कुमारी संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका डॉ. दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्य स्मृति दिवस पर विश्व एकता और विश्व बंधुत्व के लिए राष्ट्रीय रक्तदान - महादान शिविर का आयोजन रखा गया है। शिविर स्थानीय संस्था, प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय नरसिंह विहार कॉलोनी, एल आई सी ऑफिस के पीछे, में प्रातः 10 से संध्या 40 बजे तक आयोजित है। रक्तदान शिविर में जिला चिकित्सालय बलौदा बाजार के अनुभवी एवं वरिष्ठ चिकित्सक गण उपस्थित रहेंगे। अतः भाटापारा क्षेत्र के रक्तदाता भाईयों एवं बहनों से विनम्र अपील है कि /"राष्ट्रीय रक्तदान - महादान शिविर में नियत समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर रक्तदान कर पुण्य के भागीदार बनें।

### पंजीकृत निर्माण श्रमिक के बच्चों को मिलेगी छात्रवृत्ति, आवेदन शुरू

**बलौदाबाजार**। श्रम विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत निर्माण श्रमिक जैसे रेजा, कुली, प्लम्बर, इलेक्ट्रिशियन, बढ़ई इत्यादि कुल 60 प्रकार के प्रवर्ग में पंजीयन किया जाना है। पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के प्रथम दो बच्चों हेतु नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना संचालित है जिसके अंतर्गत कक्षा पहली से स्नातकोत्तर, व्यवसायिक में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं को राशि रूपये 1000 से 10000 तक कक्षा अनुसार प्रदाय किया जाता है। इसके अतिरिक्त नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना लाभ प्राप्त करने वाले बच्चों को पृथक से स्टेशनरी एवं गणवेश हेतु राशि रूपये 2000 प्रदाय किया जाता है। ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से उपरोक्त योजना अंतर्गत अधिक से अधिक आवेदन प्रस्तुत करने हेतु आवश्यक दस्तावेज श्रमिक पंजीयन कार्ड, आधार से लिंक बैंक खाता नंबर, स्व घोषणा प्रमाण पत्र, प्राचार्य द्वारा जारी अध्ययनरत प्रमाण पत्र, आधार कार्ड के साथ च्वाईस सेन्टर, श्रम संसाधन केन्द्र, विभाग का वेबसाईट श्रमेव जयते ऐप या श्रम कार्यालय कक्ष क्रमांक 117 कलेक्टर परिसर के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

# नेशनल लोक अदालत 13 सितम्बर को, न्यायाधीश ने ली बैठक

## जिला मुख्यालय सहित ब्लॉक स्तर पर भी लोक अदालत की खण्डपीठ बनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अब्दुल जाहिद कुरैशी, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा आगामी नेशनल लोक अदालत 13 सितम्बर को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों एवं न्यायाधीशगण के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रथम अपर जिला न्यायाधीश श्री राकेश कुमार वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राधेश्याम ध्रुव, राचिव अमिता जायसवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजेश अवस्थी, पी. डब्लू डी के अधिकारी एवं अन्य विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे हैं। 13 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत आयोजित होगा, जिसके तारतम्य में जिला एवं सत्र न्यायालय बलौदाबाजार, व्यवहार न्यायालय भाटापारा, व्यवहार न्यायालय कसडोल, व्यवहार न्यायालय सिमगा में भी लोक अदालत की खण्डपीठ बनेगी। साथ ही राजस्व न्यायालयों में भी लोक अदालत की खण्डपीठ बनेगी जिसमें राजस्व न्यायालय में लंबित मामलों की निराकरण किया जायेगा। कुटुम्ब न्यायालय में परिवार संबंधी मामलों का निराकरण किया जायेगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा यह बताया गया कि न्यायालयों में लंबित मामलों के अतिरिक्त बीमा संस्था, बैंक, विद्युत सेवा, दूरसंचार सेवा से संबंधित मामलों का भी निराकरण नेशनल लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन के रूप में किया जायेगा।



### सभी विभागों के प्रकरणों का किया जायेगा निराकरण

धारा 138 के अंतर्गत चेक बाउंस के मामले, धन वसूली वाले में यदि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से याद का निराकरण किया जाता है तो न्यायालय शुल्क की वापसी होगी जिससे धन की बचत होती है। लोक अदालत के लाभ है कि इससे वाद, व्यय और समय कही बचत होती है, न्यायालय शुल्क अदा करना नहीं पड़ता है। लोक अदालत के आवाज के विरुद्ध अपील नहीं हेती है। लोक अदालत में कोई भी पक्षकार जीतता या हारता नहीं है। आपसी सुलह से पक्षकार प्रकरण को निकरण करते है। नेशनल लोक अदालत में आने वाले पक्षकारों के लिए जिला न्यायालय परिसर में निःशुल्क चिकित्सा की व्यवस्था भी की जाती है। जनसामान्य से यह अपील है कि कोई मामले राजस्व न्यायालय, न्यायालय से संबंधित कोई भी प्रकरण लंबित है तो उसका निराकरण लोक अदालत के माध्यम से करा सकते है।

## दिवस : विश्व आदिवासी दिवस में समारोह में शामिल हुए शिवरतन शर्मा

# संघर्ष, साहस और स्वाभिमान आदिवासी समाज की है सच्ची पहचान : शिवरतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

विश्व आदिवासी दिवस पर नगर के जयस्तम्भ चौक पर मावली महासभा सिंगारपुर के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि संघर्ष, साहस और स्वाभिमान आदिवासी समाज की सच्ची पहचान है। आदिवासी समाज ने हमेशा कठिन परिस्थितियों में भी अपनी परंपराओं, संस्कृति और जीवन मूल्यों को सहेजकर रखा है, जो आज पूरे देश और प्रदेश के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

उन्होंने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में चल रही आदिवासी हितैषी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि डबल इंजन भाजपा सरकार आदिवासी समाज के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं और प्रयास आदिवासी समाज के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। शिवरतन शर्मा ने कहा- "आदिवासी समुदाय की जीवनशैली, कला, भाषा, देव-पूजा, उत्सव, नृत्य और परंपराएं हमारे देश और प्रदेश की अनमोल धरोहर हैं।

कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने भी सम्बोधित करते हुए सभी को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं प्रकृति के संरक्षण में आदिवासी समाज की अतुलनीय भूमिका के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर पाली तानाखार विधायक तुलेश्वर हीरासिंह मरकाम, गोडवाना गणतंत्र के राष्ट्रीय महा सचिव श्याम सिंह मरकाम, मावली महासभा अध्यक्ष बंशीलाल नेताम, पार्षद चन्द्रप्रकाश ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य अमर मंडावी, जनपद सदस्य अगेश्वर छेदइहा, जनपद सदस्य जागेश्वर मरई सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिकजन उपस्थित रहे।




### जल, जंगल और जमीन का संरक्षण करने का भी काम कर रहें : अश्वनी

अश्वनी शर्मा ने आगे कहा की आज छत्तीसगढ़ में आदिवासी समाज का हमारे सांस्कृतिक व पारंपरिक संस्कृति को सहेजने में बहुमूल्य योगदान है।वे देश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ ही प्राकृतिक धरोहर जल, जंगल और जमीन का संरक्षण करने का भी काम कर रहें हैं। यहां की परम्पराएं, रीति-रिवाज और संस्कृति अपने आप में खास है। देश का ऐसा कोई कोना नहीं होगा जहा हमारे छत्तीसगढ़ के आदिवासी भाइयों-बहनों के वैभव सम्पदा को नहीं जानता होगा।

# सीमेंट संयंत्र ने 119 वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के उपलक्ष्य में सीएसआर सेंटर रावन एवं गुमा सेंटर में संयंत्र प्रमुख राजेश कुमार एवं मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस का आयोजन किया गया। इसमें कार्यक्षेत्र के119 वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। यह दिवस उन लोगों को समर्पित है, जिन्होंने अपने जीवन के अनुभवों, परिश्रम और समर्पण से समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों का परिचय हुआ तथा उनके अनुभव को साझा किया गया और शासन की विभ्भन्नि सेवाओं की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर प्रशासनिक प्रमुख संजीव मिश्रा ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की नींव हैं। उनके अनुभवों से हमें दिशा मिलती है और उनके योगदान को सम्मान देना हमारा नैतिक कर्तव्य है तथा प्रशासनिक अधिकारी अक्षय प्रकाश झा ने सभी वरिष्ठ नागरिकों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करते हुए बोले कि यह पेड़ बडा हो जाने के बाद यादगार रहेगा। गुमा सरपंच चंन्दकांता साहू तथा रावन सरपंच अमर सिंह नेताम की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने मिलकर वरिष्ठ नागरिकों के साथ समय बिताया, उनके अनुभवों को सुना और उनके योगदान को सराहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव एवं अधिकारी ज्योत्सना पति तथा रंजय पाण्डेय एवं टीम से सुरेंद्र कुमार यादव, द्वारिका वर्मा, जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, ताराचंद वर्मा, टोपेश्वर दास, रमा वर्मा एवं सुनिता निषाद की भूमिका रही।

# आईटीआई में हुआ नव कौशल पथ-नई राह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रवेश सत्र 2025-26 एवं 2025-27 में नव प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों के लिए नव कौशल पथ-नई राह नया हुनर कार्यक्रम क्रा आयोजन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदाबाजार में किया गया।



प्रथम दिवस 19 अगस्त को नव प्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों का परिचय सम्मेलन, परीक्षाओं से संबंधित (सीबीटी) जानकारी, अप्रेंटिसशिप एवं उत्तीर्ण होने के उपरांत डिप्लोमा कार्यक्रम में लेटरल एन्ट्री तया संस्थाओं में संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। द्वितीय दिवस 20 अगस्त को प्रशिक्षण उपरांत संभावनाओं के संबंध में जिला रोजगार अधिकारी द्वारा पॉवर पाइट प्रेजेंटेशन, उद्योग प्रतिनिधियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को व्याख्यान दिया गया। पूर्व प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अपनी सफलता की कहानी साझा किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य अजय कुमार गडेवाल, जिला रोजगार अधिकारी मनोरमा भगत, प्रभारी प्रशिक्षण अधीक्षक परमानंद गोंड़, कार्यक्रम संयोजक राजेश कुमार वर्मा सहित संस्था के समस्त प्रशिक्षण अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 12 छात्राओं को बांटी गई साइकिल



**बलौदाबाजार**। जिले में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाए जा रही सरस्वती साइकिल योजना के तहत उत्कृष्ट आत्मानंद अंग्रेजी एम डी वी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की 12 छात्रों को निशुल्क साइकिल का वितरण की गई। इस अवसर पर समाजसेवी इंजीनियर सोन चंद, फाउंडेशन के संयोजक पुष्पराज वर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता भारत स्काउट गाइड के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय केसरवानी, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश केसरवानी, नीलम सोनी जिला मंत्री, सुनीता वर्मा भाजपा मंडल के अध्यक्ष राकेश ध्रुव, भाजपा महामंत्री संजय श्रीवास, रजनी केसरवानी, रिटा केसरवानी, सरिता मार्के, पूजा गुप्ता सहित स्कूल की प्रिंसिपल ऋतु शुक्ला की उपस्थिति में साइकिल वितरण किया गया, बड़ी संख्या में स्कूल के बच्चे स्कूल का पूरा स्टाप मौजूद रहा।

# कांग्रेस ने मनायी राजीव गांधी की जयंती



**भाटापारा**। कांग्रेस भवन में स्व. राजीव गांधी की जयंती मनायी गई। अवसर पर अरुण यादव, सुशील शर्मा, सुनील माहेश्वरी, रोशन हबलानी, अय्युब बांठिया, सचिन शर्मा के अलावा अन्य कांग्रेसजन शामिल रहे।

# घंटों बिजली बंद, उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

अर्जुनी सबस्टेशन का हाल ऐसा है कि हर दिन मेंटेनेंस के नाम पर घंटों तक बिजली गुल हो रही है। समाचार प्रकाशन के बाद भी विद्युत विभाग नहीं जागा। क्षेत्र में गुरुवार को घंटों बिजली बाधित रही। बता दें कि बिजली कटौती की समस्या को लेकर गुरुवार 21 अगस्त को हरिभूमि में ग्रामीणों किसानों व उपभोक्ताओं की समस्या के मद्देनजर प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया गया था। उसके उपरांत भी गुरुवार को घंटों तक विद्युत अवरुद्ध रही। ग्रामीणों में विभाग के लचर रवैये के कारण काफी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अर्जुनी में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से फ्लॉप है, उनका कहना है कि हर दिन किसी न किसी काम के नाम पर बिजली काटते हैं और खामियाजा आम उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ता है। जबकि ऐसे समस्याओं का निराकरण सही समय पर कर लिया जाना चाहिए, जबकि पहले भी मेंटनेंस कार्य के नाम घंटो तक बिजली काटा जाता रहा है फिर भी क्यों इस प्रकार की समस्या जस की तस बना हुआ है। लाइनमेन से पूछे जाने पर कहा गया कि ये इलेक्ट्रॉनिक चीजे है कभी भी कुछ हो सकता है फिलहाल ट्रांसफॉर्मर में आयल डाला जा रहा था जिसके कारण बिजली काटा गया था।

■ खबर प्रकाशन के बाद भी बिजली विभाग ने विद्युत सप्लाई में नहीं लाया सुधार



### ट्रांसफार्मर में ऑइल डाला गया

ट्रांसफार्मर में ऑइल डाला गया, वहीं रावण भांठा में केबल चेंज हुआ है। इस कारण आधा घंटे लाइट बंद थी, जो दिक्कते आ रहा थी, उसे दुरुस्त कर लिया गया है।

-अभिषेक लकड़ा, कनिष्ठ यंत्री

### विद्यानगर में आधी रात से लो वोल्टेज

इधर अर्जुनी के वार्ड 1 विद्यानगर में दरमियानी रात में लो वोल्टेज की समस्या बनी रही, जिससे विद्यानगर के रहवासियों में जमकर गुस्सा देखने को मिला। इस मोहल्ले के उपभोक्ताओं द्वारा दर्जनों बार शिकायत की जा चुकी है कि लो वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ रहा है। लो वोल्टेज की समस्या को देखते हुए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाया गया, उसके बाद भी रात-रात में डिओ गिरता है और लाइन कट जाता है। इससे मोहल्लेवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वार्ड के राकेश वर्मा, डिकेश सेन, दीनानाथ साहू, पूर्व पंच भूपेंद्र चौहान का कहना है कि इस पर विशेष सुधार की आवश्यकता है। कामचलाऊ काम से हर दिन दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, रात में हम आखिर किस-किस को फोन लगाएंगे। वार्डवासियों ने कहा कि विभाग को इस पर शीघ्र ध्यान देने की आवश्यकता है।

## छात्रों ने भाषण, कविता-पाठ और निबंध प्रस्तुत किया

# कॉलेज में मनाया गया सद्भावना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 20 अगस्त को मेरा युवा भारत के सौजन्य से सद्भावना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापकों, छात्र-छात्राओं तथा एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. ए आर सी जेम्स ने कहा कि "सद्भावना दिवस हमें समाज में आपसी भाईचारे, सांप्रदायिक सौहार्द, राष्ट्रीय एकता तथा सामाजिक समरसता का संदेश देता है। एनएसएस प्रभारी नरेंद्र देव मिर्झा ने छात्रों को शपथ दिलाई कि वे समाज में शांति, सद्भाव और एकता स्थापित करने के लिए सदैव कार्य करेंगे। साथ ही कॉलेज के विभिन्न विभागों के छात्रों ने भाषण, कविता-पाठ और निबंध प्रस्तुत कर सद्भावना, अहिंसा और एकता का महत्व उजागर किया। छात्रों के द्वारा महाविद्यालय में रैली का आयोजन कर सभी को आपसी सहयोग, सौहाद्र एवं एकता से समाज में रहने का संदेश दिया गया। महाविद्यालय प्राध्यापक डॉ. अशोक कुमार उपाध्याय, अभिषेक बंजारे, जयंत मिंज, डॉ. अजय औधेलिया, मोहन लाल वर्मा शामिल थे। छात्रों में दिनेश कुमार यादव, पूजा वर्मा, पुरुषोत्तम ध्रुव, भूमिका साहू, सरस्वती साहू, राकेश पैकरा, रोशनी, छात्रदेव वर्मा, रविशंकर पैकरा, लोमेश ध्रुव, पुष्कर ध्रुव, योगेश यादव, हिमांशु पैकरा, नीलम दिवान, समीर पैकरा, बिंदु बंजारे, रागिनी मनहरे ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

